दिन– रविवार दिनांक– 26 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत एक जून को होने वाले मतदान के लिए चुनाव प्रचार चरम पर। सभी पार्टियों के नेता और स्टार प्रचारकों ने झोंकी ताकत।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह आज काराकाट और सासाराम में एनडीए उम्मीदवारोंके पक्ष में करेंगे प्रचार। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव बक्सर, काराकाट और पाटलिपुत्र में महागठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में करेंगे चुनावी सभा।

03. प्रदेश में छठे चरण के तहत आठ लोकसभा क्षेत्रों में पचपन दशमलव चार पांच प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का किया इस्तेमाल।

04. और, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में उठे तूफान का असर राज्य में पड़ने के आसार।

---

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण का चुनाव प्रचार चरम पर पहुंच गया है। सभी पार्टियों के प्रमुख नेता और स्टार प्रचारक लगातार चुनावी रैलियों को संबोधित करते कर रहे हैं। इस चरण में आठ संसदीय क्षेत्रों– नालंदा, पाटलिपुत्र, पटना साहिब, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद सीटों पर एक जून को मतदान होना है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के दनियावां और समपतचक तथा पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र के मसौढ़ी में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज काराकाट और सासाराम लोकसभा क्षेत्र में एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभा करेंगे। वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा जहानाबाद, आरा और नालंदा लोकसभा क्षेत्र में अपने उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज बक्सर, काराकाट, अरवल, नालंदा और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी कल पटना साहिब संसदीय क्षेत्र के खुसरूपुर, पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र के पालीगंज और आरा लोकसभा क्षेत्र के जगदीशपुर में महागठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनके लिए संविधान सर्वोपरि है। पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र के बिक्रम में भाजपा उम्मीदवार रामकृपाल यादव के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले पिछड़ी जाति का आरक्षण खत्म करने की योजना बना रहे हैं।

———बाईट———

वहीं, काराकाट संसदीय क्षेत्र के डेहरी में एनडीए उम्मीदवार उपेन्द्र कुशवाहा के समर्थन में एक अन्य चुनावी सभा को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने लालू प्रसाद और उनके परिवारवाद पर निशाना साधा है।

———बाईट———

बक्सर के अहिरौली में पार्टी उम्मीदवार मिथिलेश तिवारी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने कहा कि एनडीए गठबंधन विकास के एजेंडे के साथ मजबूत राष्ट्र के निर्माण में लगे हुये हैं।

———बाईट———

---

राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने दावा किया कि भाजपा और एनडीए के नेताओं को छह चरणों के चुनाव में इंडी गठबंधन की बढत़ का अंदाजा हो गया है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुये श्री यादव ने कहा कि इसी लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भाषा में भी भारी गिरावट आ रही है।

———बाईट———

---

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए कल छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के सभी अट्ठावन संसदीय क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण रहा। चुनाव आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, रात साढे ग्यारह बजे तक राष्ट्रीय स्तर पर इकसठ प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। इधर, प्रदेश के आठ लोकसभा क्षेत्रों– वाल्मीकिनगर, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न हो गया। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच.आर. श्रीनिवास ने बताया कि पचपन दशमलव चार पांच प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि यह अनुमानित आंकड़ा है।

———बाईट———

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सबसे अधिक मतदान पश्चिम चम्पारण में उनसठ दशमलव सात पांच प्रतिशत हुआ है। वहीं, वैशाली में अट्ठावन दशमलव पांच,

वाल्मीकिनगर में अट्ठावन दशमलव दो पांच प्रतिशत, पूर्वी चम्पारण में संतावन दशमलव तीन, शिवहर में छप्पन दशमलव तीन, सीवान में बावन दशमलव पांच, महाराजगंज में इक्यावन दशमलव दो सात और गोपालगंज में पचास दशमलव सात प्रतिशत मतदान हुआ है। छठे चरण के मतदान के बाद राज्य के चालीस में से बत्तीस लोकसभा क्षेत्रों में मतदान सम्पन्न हो गया है।

---

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के पहले पांच चरणों में हुए मतदान का आंकड़ा जारी करते हुए कहा है कि यह आंकडा हर प्रत्याशी के पास पहले भी उपलब्ध रहा है। आयोग ने कहा कि पांचवें चरण तक पचास करोड बहत्तर लाख से अधिक लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया है। यह आंकडा सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका को ठुकराये जाने के बाद जारी किया गया है। इस याचिका में निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि आयोग प्रत्येक मतदान केन्द्र पर पड़े वोटों की प्रमाणिक जानकारी वेबसाइट पर अपलोड करे।

---

चुनाव प्रचार के दौरान विभिन्न पार्टी नेताओं की ओर से आरोप–प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है। भाजपा के नेता और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने दावा किया है कि केन्द्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बन रही है। उन्होंने कहा कि बिहार की सभी चालीस सीटों पर एनडीए की जीत होगी। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने विपक्ष पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि एनडीए संविधान और आरक्षण की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। उधर, राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने कहा कि मीडिया के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इंटरव्यू करते समय जनसरोकर के मुद्दे से जुड़े प्रश्न नहीं पूछते हैं। भाकपा–माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा है कि आरएसएस और भाजपा के नेता नहीं चाहते है कि देश में आरक्षण लाूग रहे। कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने पटना में कहा कि देश में सरकार बदल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सलाना तीस लाख नौकरी की गारंटी को लेकर युवाओं में बहुत अधिक उत्साह है।

---

सातवें और अंतिम चरण में भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन की ओर से अनेक तरह के जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। इसके लिए हर घर दस्तक, आप अपने मतदान केन्द्र को जाने, मतदाता सभा, रंगोली, पौधारोपण और पद यात्रा

जैसे कार्यक्रम किये जा रहे हैं। मतदान को लेकर वोटरों को प्रेरित करने के लिए प्रशासन की ओर से सोशल मीडिया का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।

---

पश्चिम चम्पारण लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार संजय जायसवाल के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन की प्राथमिकी बेतिया नगर थाना में दर्ज की गयी है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने इसकी पुष्टि की है।

---

पटना के जिलाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने कहा है कि मतदाता पर्ची वितरण में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के लिखाफ केस दर्ज किया जायेगा। उन्होंने स्वीप गतिविधियों के समीक्षा के दौरान कहा कि वोटर पर्ची का शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाए।

---

सीवान लोकसभा क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव में मतदान के बाद एक जगह पर एकत्रित लोगों पर पुलिस ने लाठीचार्ज की, जिसमें दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये हैं।

---

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। विभिन्न स्थानों पर अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. पटेल ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के उत्तर–मध्य और पूर्वी भागों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा की सम्भावना है।

———बाईट———

इधर, मौसम विभाग ने कहा है कि बंगाल की खाड़ी में उठा तूफान आज रात तक बांग्लादेश के तटीय इलाके से टकरायेगा। इसका प्रभाव बिहार पर भी पड़ेगा और कल से प्रदेश के तापमान में थोड़ी कमी आने की सम्भावना है। तूफान के कारण प्रदेश के कुछ भागों में तेज हवा चलने के साथ ही भारी बारिश भी हो सकती है।

---

आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने कहा है कि नीट पेपर लीक मामले से जुड़े माफियाओं पर आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने की प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। इसके साथ ही अवैध सम्पत्तियों को जब्त किया जायेगा। ईओयू ने कहा है कि पेपर लीक माफियाओं की सम्पत्तियों की जांच के लिए अगल टीम बनायी गयी है, जिसने अपना काम शुरू कर दिया है।

---

खान और भू–तत्व विभाग ने मधुबनी, दरभंगा, पूर्णियां, सारण, मुजफ्फरपुर समेत ग्यारह जिलों में आवंटित बालू घाटों से एक सप्ताह में खनन शुरू करने का निर्देश दिया है। विभाग ने इस संबंध में संबंधित जिलों के जिला खनिज पदाधिकारी को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि इसमें लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

---

समस्तीपुर रेलवे स्टेशन से पवन एक्सप्रेस ट्रेन में पहली बार लीची ढुलाई के लिए एसएलआर कोच की सुविधा दी जा रही है। रेलवे के अधिकारी ने बताया कि इससे उत्तर बिहार के लीची किसानों और व्यापारियों को लाभ होगा। लीची की पहली खेप मुम्बई के लिए भेजी गयी है।

---

आईपीएल क्रिकेट लीग का फाइनल मुकाबला आज सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला जायेगा। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। कोलकाता नाइट राइडर्स नौ जीत, तीन हार और दो बिना नतीजों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने कल छठे चरण के लिए हुये मतदान तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी सभाओं से जुडी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मतदान प्रतिशत की खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है–छठे चरण में भी साठ के पार नहीं गया मतदान।

दैनिक जागरण ने चुनावी सभाओं में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान को शीर्षक बनाते हुये लिखा है– वोट के लिए लालटेन लेकर मुजरा करने वाले नहीं कर रहे बिहारियों के अपमान का विरोध।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान को तरजीह देते हुये लिखा है– पहले पिता, फिर पत्नी और अब बेटा–बेटी राज चलाने के जुगाड़ में। दैनिक भास्कर ने सारण हिंसा से जुड़ी खबर पर लिखा है– चुनाव में रोहिनी के साथ घूमने वाला राबड़ी देवी का एक और बॉडीगार्ड सस्पेंड। राष्ट्रीय सहारा ने गुजरात के राजकोट की घटना का शीर्षक लगाया है– गेमिंग जोन में आग बाईस मरे। आज अखबार लिखता है– राज्य कर्मियों की तरह ही होगा, यूनिवर्सिटी, कॉलेजों में वेतन भुगतान।

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत एक जून को होने वाले मतदान के लिए चुनाव प्रचार चरम पर। सभी पार्टियों के नेता और स्टार प्रचारकों ने झोंकी ताकत।
02. भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह आज काराकाट और सासाराम में एनडीए उम्मीदवारोंके पक्ष में करेंगे प्रचार। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव बक्सर, काराकाट और पाटलिपुत्र में महागठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में करेंगे चुनावी सभा।
03. प्रदेश में छठे चरण के तहत आठ लोकसभा क्षेत्रों में पचपन दशमलव चार पांच प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का किया इस्तेमाल।
04. और, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में उठे तूफान का असर राज्य में पड़ने के आसार।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।